लागत तो बढ़ गई मगर काम है अधूरा

लाखा बंजारा झील जीर्णोद्धार एवं पुनर्विकास तथा सौंदर्यीकरण कार्य, लोकार्पण का इंतजार

नवभारत न्यूज

सागर 22 अगस्त. बुंदेलखंड के संभागीय मुख्यालय सागर नगर की ऐतिहासिक लाखा बंजारा झील के जीर्णोद्धार, पुर्नविकास एवं सौंदर्यीकरण का कार्य चार वर्ष बाद भी अधूरा पड़ रहा है. लोकार्पण के इंतजार में लागत बढ़ती ही जा रही है.

मालूम हो कि स्मार्ट सिटी के माध्यम से 2020 में लाखा बंजारा झील सौंदर्यीकरण कार्य के लिए शामिल किया गया और लगभग 92 करोड़ रुपए की लागत से झील में डिसिल्टिंग, नाला टेपिंग, घाटों का निर्माण सहित अन्य कार्यों को शामिल किया गया. जून 2020 में स्वीकृत काम सितंबर 2020 से

दिल्ली की कंपनी द्वारा शुरु किया गया. जिसमें झील किनारे 16 घाटों को पुर्नविकसित कर सौंदर्यीकरण के साथ पुरातात्विक विरासत को संवर्धन करना था. कार्य की समयावधि 18 माह सुनिश्चित की गई थी मगर दुर्भाग्य की बात है कि चार साल निकल जाने के बाद भी परियोजना कार्य आज भी अधूरा ही है. मगर लागत जरूर बढ़कर 111.33 करोड़ पर पहुंच गई है.

नाला टेपिंग पर उठे सवाल

परियोजना के तहत नालों को टेप कर गंदे पानी को 4 एमएलडी सीवर ट्रीटमेंट प्लांट लगाया जाकर ट्रीट किए जाने की बात कही गई थी. झील में 41 नाले उस समय सीधे तौर पर मिल रहे थे जिससे पानी दूषित हो रहा था मगर नाला टेपिंग के बाद निर्माण एजेंसी ने तो दावा किया कि शत् प्रतिशत नाला टेपिंग कर दी गई है मगर हकीकत दो दिन पूर्व हुई तेज बारिश के दौरान मेडिकल कॉलेज मार्ग पर निकले नालों का पानी झील में जाने के समाचार मिले थे.

प्रतियोगिताओं के पुरस्कार वितरित किए

सागर. भारतीय जैन मिलन के अंतर्गत क्षेत्र क्रमांक 10 की महिला जैन मिलन मुख्य शाखा कटरा के द्वारा निबंध प्रतियोगिता का आयोजन नरयावली शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में किया गया. प्रतियोगिता की प्रभारी श्रीमती स्मिता जैन ने बताया कि प्रतियोगिता में 35 बच्चों ने भाग लिया. जिसमें प्रथम स्थान राधिका चढ़ार, द्वितीय भूमि लोधी एवं तृतीय स्थान निशा पाल ने प्राप्त किया. सांत्वना पुरस्कार विजेता राधिका साहू, ममता सौर रही. श्रीमती किरण जैन सेसई ने प्रथम ,द्वितीय, तृतीय पुरस्कार के साथ-साथ दो सांत्वना एवं शेष 30 प्रतियोगियों को प्रोत्साहन पुरस्कार एवं सर्टिफिकेट प्रदान किये. शाखा की अध्यक्ष मीना प्रधान ने एवं कार्यक्रम प्रभार श्रीमती स्मिता जैन सभी का आभार व्यक्त किया.

13 बिल्डरों को निगम ने थमाए नोटिस

एक बार फिर एफआईआर की चेतावनी, पिछले नोटिसों का जवाब नहीं दिया गया

नवभारत न्यूज

सागर 22 अगस्त. नगर निगम द्वारा अवैध रूप से विकसित की जा रही 13 अवैध कॉलोनियों के निर्माण की शिकायत प्राप्त होने पर नगर निगम द्वारा अवैध कॉलोनी का निर्माण करने वाले 13 बिल्डरों को कारण बताओ नोटिस जारी कर उनसे 15 दिन के भीतर जवाब प्रस्तुत करने को कहा गया है.

अवैध कालोनी विकसित करने वालों के विरुद्ध नियत समयावधि में जबाब प्रस्तुत न करने की स्थिति में कॉलोनी में किए गए सभी विकास निर्माण हटाए जाकर नगर पालिक निगम 1956 के सुसंगत प्रावधानों के तहत दांडिक कार्यवाही के लिए संबंधित पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज कराई जाएगी.

स्थल निरीक्षण में इंजीनियरों की रिपोर्ट

मालूम हो कि नगर निगम द्वारा पिछले माह भी दो दर्जन से अधिक अवैध कॉलोनाइजरों को नोटिस थमाए गए थे. जिनको भी चेतावनी दी गई थी कि समय सीमा में जबाव प्रस्तुत न करने पर एफआईआर की जायेगी. मगर आज दिनांक तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है. अब 13 अवैध कालोनी बनाने वालों को नोटिस जारी किए गए हैं उनमें लंबरदार डेवलपर्स पिपरिया, श्रीराम बिल्डर एंड डेवलपर्स पार्टनर मनीष साहू, श्रीराम बिल्डर्स एंड डेवलपर्स पार्टनर अनुराग जैन, मनीष साहू,सम्राट रियल एस्टेट एंड डेवलपर्स पार्टनर अनुराग जैन, मनीष साहू, सिद्धि प्रिया एसोसिएट, अनुराग जैन, मनीष साहू,यशोदा विहार कॉलोनी वेदांती मंदिर मरघटा से लगी हुई, रामदयाल पटेल, पार्टनर रामकुमार घोषी कनेरादेव, कैलाश यादव, संतोष जड़िया कनेरादेव, भगवानदास, फूलचंद, भवानी शंकर, सीताराम, नरेंद्र व अन्य कनेरादेव, लंबरदार डेवलपर्स पार्टनर आशीष कुशवाहा, मेसर्स सीताराम समर्थ एसोसिएट पार्टनर भवानी शंकर कुशवाहा उदयपुरा, मेसर्स एसोसिएट पार्टनर नीलेश जैन धर्मश्री,नीलेश जैन, प्रदीप जैन, दीपक जैन शामिल हैं.

एक नजर में

भागवत कथा की तैयारियों को लेकर बैठक

बांदरी . श्रीदेव दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर के पास हाट परिसर के शेड में श्रीमद् भागवत कथा की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई . बैठक में बताया गया कि 23 अगस्त से 29 अगस्त तक पं . कृष्ण शास्त्री महाराज के मुखारबिंद से कथा की अमृत वर्षा होगी . कथा के पहले प्रमुख मार्गों से दोपहर 12 बजे से कलश यात्रा निकाली जाएगी . 26 अगस्त जन्माष्टमी पर भगवान श्रीकृष्ण जी का प्राकट्योत्सव मनाया जाएगा . कथा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक होगी . 27 अगस्त मंगलवार को कथा का समय शाम 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक रहेगा . बैठक में नप अध्यक्ष विश्वनाथ सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष पप्पू मुकद्म, जालम सिंह, गोविंद सिंह ठाकुर, मनोहर सिंह, प्रहलाद सिंह, सुरेंद्र सिंह, कुलदीप राय, धर्मेन्द्र लोधी, अक्षय सोनकिया, राजेंद्र चौहान मौजूद रहे .

चल समारोह में शामिल श्रद्धालुओं का स्वागत

सागर . लोकदेवता जाहरवीर गोगादेव महाराज के झंडा निशानो को प्रमुख मार्गो से निकाली गई . जिससे अति प्राचीन श्री जाहरवीर गोगादेव मंदिर गोगा मेडी मंदिर चकराघाट से भक्तों ने आरती पूजन कर चल समारोह का शुभारंभ मुन्नालाल चुटीले उस्ताद, सरवन करोसिया ने किया . चल समारोह मेला में झंडा निशानों का मार्ग पर जगह-जगह पंडाल लगाकर आरती पूजन कर सम्मान किया . यातायात पुलिस चौकी के बाजू में सनातन धर्म प्रचार सेवा मंडल, अभा बाल्मीकि समाज कल्याण द्वारा करन चौहान मस्तान कव्वाल जबलपुर, जाहरवीर गोगादेव राष्ट्रीय भजन गायक का राष्ट्रीय ज्ञान भूषण पुरस्कार से सम्मानित करने की घोषणा की गई . इस दौरान अर्पित पांडे, विक्रम सोनी, यश अग्रवाल, नरेन्द्र अहिरवार, रिशांक तिवारी, सूरज घोषी, कपिल स्वामी, आशुतोष सोलंकी, सरवन करोसिया, अशोक भारती, राकेश डागौर, विजय घारु, वीरेन्द्र करोसिया, यशवंत करोसिया, कमलेश चुटीले, सुनील बोहत, सोनू चुटीले, विनय सोदिया शामिल रहे .

शिशु मंदिर में उद्यमिता पखवाड़ा का शुभारंभ

सागर . विश्व उद्यमिता दिवस पर स्वदेशी जागरण मंच के द्वारा स्वावलंबी भारत अभियान के माध्यम से उद्यमिता पखवाड़ा की शुरूआत सरस्वती विद्यालय मकरोनिया से किया गया . अध्यक्षता प्राचार्य श्रीमति रूचि मिश्रा ने उद्यमिता विकास पर विचार रखें . कार्यक्रम में जिला संयोजक स्वदेशी जागरण मंच एवं स्वावलंबी भारत अभियान राजकुमार नामदेव, अंजली दुबे, रविंद्र ठाकुर आदि ने संबोधित किया . कार्यक्रम में स्वदेशी जागरण मंच एवं स्वावलंबी भारत अभियान के उद्देश्य से लिखी गई पुस्तक 37 करोड़ स्टार्टअप्स का देश पुस्तक का विमोचन हुआ .

भारत बंद के दौरान बसपा ने ज्ञापन सौंपा

ललितपुर . एससी-एसटी वर्गीकरण क्रीमीलेयर आरक्षण के विरोध में बसपा कार्यकर्ताओं ने जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंपा .

लवकुश जयंती पर शोभायात्रा

नवभारत न्यूज

बीना 22 अगस्त. कुशवाहा समाज जन सेवा संगठन के तत्वाधान में शोभायात्रा निकाली गई.

शोभायात्रा में भगवान लवकुश की झांकी आकर्षण का केंद्र रही. शोभा यात्रा में अखाड़े एवं बच्चियों द्वारा गरबा नृत्य जैसे अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए. शोभायात्रा कटरा मंदिर पर आकर पूर्ण हुई. अतिथियों का कुशवाहा समाज अध्यक्ष महेश कुशवाहा द्वारा स्वागत किया गया. संचालन एड. हरिनारायण कुशवाहा, देवेंद्र कुशवाहा ने किया. कार्यक्रम में हरिराम कुशवाहा, अमर सिंह कुशवाहा, रघुवीर कुशवाहा, गोदन, उदयभान कुशवाहा, कोमल, कैलाश शामिल हुए.

आबकारी अधिकारियों का बेसिक प्रशिक्षण

नवभारत न्यूज

सागर 22 अगस्त. जवाहरलाल नेहरू पुलिस अकादमी में मप्र आबकारी विभाग के तीन जिला आबकारी अधिकारी एवं 55 आबकारी उप निरीक्षक का बेसिक प्रशिक्षण संचालित किया जा रहा है.

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन जेएनपीए सभागार में निदेशक प्रमोद वर्मा के मार्गदर्शन में एवं उप निदेशक दिनेश कौशल एवं डिप्टी कमिश्नर एक्साईज इन्दर सिंह जामौर द्वारा किया गया. इस अवसर पर जेएनपीए के सभी शाखा प्रभारी एवं आबकारी

विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे. उद्घाटन कार्यक्रम के पश्चात प्रशिक्षुओं को जेएनपीए परिसर का भ्रमण कराया गया. यह प्रशिक्षण 27 अक्टूबर तक चलेगा. इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य आबकारी विभाग के अधिकारियों को विभागीय कार्यों में और अधिक कुशल बनाना है. इस प्रशिक्षण में विभागीय नियमों, कानूनों एवं प्रक्रियाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी जाएगी.

महासभा की बैठक 25 को सागर में होगी

सागर. अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन गोलापूर्व महासभा के 20 वे परिचय सम्मेलन की तैयारियों को लेकर 25 अगस्त रविवार को दोपहर में 2 बजे से बैठक रखी गई है. महासभा के महामंत्री चक्रेश शास्त्री ने बताया कि आगामी 19 और 20 अक्टूबर को कोतमा में आयोजित दो दिवसीय दिगंबर जैन युवक-युवती परिचय सम्मेलन के संबंध में आगामी रुप रेखा एवं संस्कार पत्रिका आदि से संबंधित विषयों पर चर्चा हेतु महासभा कार्यालय सागर में बैठक का आयोजन किया जा रहा है.

राजस्व प्रकरणों को समय सीमा में निराकृत करें

नवभारत न्यूज

बांदरी 22 अगस्त. नगर परिषद के सभाकक्ष में एसडीएम मुनब्बर खान ने राजस्व अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक लेकर निर्देश दिए कि राजस्व प्रकरणों का समयावधि में निराकरण सुनिश्चित करें.

बैठक में श्री खान ने बताया कि किसानों की सुविधा और लंबित राजस्व प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा राजस्व महा अभियान संचालित किया जा रहा है. उन्होंने महाअभियान 2.0 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु सभी राजस्व अधिकारी एवं कर्मचारी

पूरी लगन और गंभीरता से काम करें.नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन एवं अभिलेख दुरूस्ती के संबंध में कार्ययोजना बनाकर प्रतिदिन समीक्षा करें. उन्होंने समग्र ई-केवायसी, पीएम किसान ईकेवायसी, स्वामित्व योजना एवं राजस्व वसूली पर भी विस्तार से चर्चा कर निर्देश दिए. बैठक में तहसीलदार अनिल कुशवाहा, आरआई कुलदीप सिंह ठाकुर व सभी पटवारी उपस्थित रहे.

बरमान नदी में दो डूबे

गौरझामर. गौरझामर से 70 किमी दूर बरमान स्थित नर्मदा के घाट पर स्नान करने गए दो युवक तेज बहाव में बह गए जिसके बाद एनडीईआरएफ की टीम एवं पुलिस बल तलाश करने में जुटा है. मिली जानकारी के अनुसार दोनों युवक ग्राम खामखेड़ा एवं सरखेड़ा के निवासी हैं. पृथ्वी सिंह राजपूत उम्र21 वर्ष, गोलू सिंह राजपूत 24 वर्ष अपने दोस्तों के साथ रनर्मदा स्नान करने बरमान गए हुए थे. युवक पुराने पुल एवं नए पुल के बीच सतधारा घाट पर स्नान करने के दौरान यह हादसा हुआ. तलाश करने के बाद ग्राम खामखेड़ा निवासी गोलू सिंह का शव पानी में तैरता हुआ मिला.

मटकी फोड़ प्रतियोगिता को लेकर बैठक का हुआ आयोजन

नवभारत न्यूज

सागर 22 अगस्त. विधायक शैलेंद्र जैन द्वारा आयोजित होने वाले दही हांडी मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन 28 अगस्त को तीनबत्ती कटरा स्थित म्युनिस्पिल स्कूल के बाहर किया जा रहा है.

प्रतियोगिता की राशि को बढ़ाकर 31000 रुपए कर दी गई है. विधायक कार्यालय में आयोजन समिति की बैठक बुलाई गई. विधायक श्री जैन ने सभी पदाधिकारियों से जानकारी ली.

> विधायक श्री जैन ने बताया कि टीमों के पंजीयन 26 तारीख तक किए जाएंगे . प्रथम राउंड में पर्ची निकालकर प्रत्येक टीम को बारी-बारी से अवसर दिया जाएगा . कार्यक्रम में महिला एवं पुरुषो के बैठने की व्यवस्था अलग-अलग की जाएगी . इस अवसर पर श्याम तिवारी, जगन्नाथ गुरैया, विक्रम सोनी, रीतेश मिश्रा, मनीष चौबे, धर्मेंद्र खटीक, विशाल खटीक, अमित बैसाखिया, देवकी यादव, दुर्गेश यादव, रितेश तिवारी, कैलाश हसानी, दुष्यंत रोहन, चेतराम अहिरवार, गोलू कोरी, भरत अहिरवार, डा दसरथ मालवीय, डा पवन ठाकुर, जुगल प्रजापति, प्रमोद यादव, निखिल अहिरवार, नितिन सोनी, चक्रेश अहिरवार, राकेश लारिया मौजूद रहे .

डॉक्टरों की अनुपस्थिति बर्दाश्त नहीं

नवभारत न्यूज

सागर 22 अगस्त. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ममता तिमोरी द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रहली का औचक निरीक्षण किया गया.

सीएमएचओ ने रहली, छिरारी का निरीक्षण किया

उन्होंने निरीक्षण के दौरान समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए एवं कहा कि अस्पताल में दवा की उपलब्धता हमेशा बनी रहे एवं डॉक्टर, पैरामेडिकल स्टाफ 24 घंटे ड्यूटी के हिसाब से तैनात रहें, किसी भी स्थिति में अस्पताल में डॉक्टर की अनुपस्थिति बर्दाश्त नहीं होगी. रहली स्वास्थ्य केंद्र के बाद मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र छिरारी का औचक निरीक्षण किया गया.

छिरारी में वृद्ध मृत मिला

रहली. ग्राम छिरारी के पास सड़क किनारे राहगीरों को एक वृद्ध का शव दिखाई दिखा. शव दिखते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई. छिरारी के ग्राम कोटवार द्वारा रहली पुलिस को सूचना दी गई. पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल के आसपास रहने वाले लोगों से जानकारी जुटाई एवं शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया. थाना प्रभारी अशोक उपाध्याय ने बताया कि ग्राम कोटवार की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का स्थल पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा. शव की शिनाख्त निरंजन पिता शिवराज सिंह राजपूत 60 वर्ष निवासी हरदी के रूप में की है. जानकारी के अनुसार बताया गया की मृतक शराब पीने के आदि थे, अधिक सेवन मृत्यु का कारण हो.

कथा श्रवण ही भक्ति का प्रथम सोपान : धनवंतरीदास

लक्ष्मी नृसिंह मंदिर में साप्ताहिक श्रीमद् भागवत कथा हुई प्रारंभ

नवभारत न्यूज

ललितपुर 22 अगस्त. सिद्धपीठ श्री लक्ष्मी नृसिंह मंदिर के नवनिर्मित बालकृष्ण सत्संग भवन में श्रीमद्भागवत कथा प्रारंभ हो गई है.

व्यासपीठ पर विराजमान धनवंतरी दास महाराज ने कहा कि प्रभु की कृपा तभी जीवन में आती है, जब कथा को एकाग्र होकर श्रवण किया जाए, श्रवण से ही समाधान आता है. प्रभु की प्रथम भक्ति ही श्रवण में कही गई है. कथा श्रवण सदैव ही प्रभु कृपा से प्राप्त होती है, आज कथा में अपने कर्म से नहीं प्रभु कृपा से आते हैं. जीवन का सर्वोत्तम लाभ सत्संग है, निरंतर सत्संग से हमारी सोच सकारात्मक हो जाती है, विचार ही सकारात्मक कर्म को जन्म देते हैं.

कथा के प्रारंभ में पोथी पूजन किया गया

कथा के प्रारंभ पर लक्ष्मी नृसिंह महाराज के सम्मुख पोथी पूजन किया गया . इसके उपरांत मनोरथी सुमन संजय डयोडिया ने श्रद्धालुओं के साथ कीर्तन करते हुए पोथी को व्यासपीठ पर आसीन कराया . इस अवसर पर महंत गंगादास महाराज, महंत रामलखन दास महाराज, महंत राधेश्याम दास महाराज, संजय डयोडिया, रामेश्वर सड़ैया, विलास पटैरिया, धर्मेंद्र रावत, भगवत नारायण वाजपेई, ह्देश हुंडैत, निखिल तिवारी, राजेंद्र वाजपेई, नरेश शेखावत, विवेक सड़ैया, अजय तोमर ने आरती उतारी . व्यवस्थाओं में राहुल चौबे, रोहित रावत, सचिन शर्मा, कुलदीप लिटौरिया, कृष्णकांत सोनी, पंकज रैकवार, संजू श्रोती शामिल हैं .

मवेशियों का जमावड़ा एनएच और स्टेट हाईवे पर मवेशियों का जमावड़ा, पशु पालकों पर जुर्माना लगाएं

आवारा पशुओं के विचरण को रोकने जिम्मेदारी तय हो

नवभारत न्यूज

सागर 22 अगस्त. आवारा पशुओं को सड़क से हटाने की कारवाई नगरीय निकायों और जपं क्षेत्र अंतर्गत पंचायतों द्वारा प्राथमिकता से की जाए. पशु मालिकों को पहले समझाईश दें. समझाईश के पश्चात भी खुले में छोड़ने या मुख्य मार्ग पर विचरण करते पाए जाने पर पेनाल्टी लगाएं.

पशुओं को मुख्य मार्ग से हटाया

जाकर उन्हें गौशाला में भेजा जाए. कलेक्टर संदीप जी.आर ने बैठक लेकर राष्ट्रीय राजमार्ग और सड़कों पर मवेशियों का जमावड़ा को रोकने के लिए ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकायों में जिम्मेदारी तय करने के निर्देश संबंधित क्षेत्र के एसडीएम को दिए हैं. कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि ऐसे क्षेत्र जहां मवेशियों का जमावड़ा अधिक रहता है उस स्थान पर नामजद ड्यूटी लगाकर व्यक्ति रिफ्लेक्टिव जैकेट पहनकर प्रबंधन करेंगे. उन्होंने रष्ट्रीय राजमार्ग से गुजरने वाले ग्राम पंचायतों के द्वारा पेट्रोलिंग करने के निर्देश दिए हैं. मवेशियों के सड़क में रहने के कारण दुर्घटना की संभावना बनी रहती है, इसे गंभीरता से लेते हुए पेट्रोलिंग सुनिश्चित करने कहा गया था. साथ ही उन्होंने कहा कि आवारा घूम रहे मवेशियों पर रेडियम और पट्टी लगाई जाए ताकि उनके मालिकों को भी संज्ञान में लेकर उनसे जानकारी ली जाए, उन्होंने एसडीएम, नगरीय निकाय सीएमओ और जनपद के सीईओ को सड़कों पर बैठे आवारा पशुओं के धर-पकड़ के संबंध में कार्यवाही कर पेनाल्टी लगाने के निर्देश भी दिए हैं. पशु मालिकों को एक बार समझाईश देने के पश्चात यदि मवेशी पुन: सड़कों पर बैठे तो आवश्यक पेनाल्टी लगाई जाए.

कार्यशाला आज

सागर . भाजपा के सदस्यता अभियान संगठन पर्व के पूर्व प्रदेश स्तरीय कार्यशाला उपरांत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन 23 अगस्त को किया जाएगा . जिसमें कार्यकर्ताओं को सदस्यता अभियान के निमित्त प्रशिक्षण दिया जाएगा . सदस्यता अभियान के निमित्त जिला अध्यक्ष गौरव सिरोठिया ने जिला स्तरीय टोली का गठन किया है . जिसमें जिला महामंत्री श्याम तिवारी को प्रभारी बनाया गया है .

NAME CHANGE

I, SMITA JAIN D/O SHRI GENDA LAL JAIN AGE 39 YEAR'S R/O 757,NARSINGH MANDIR KE PASS, TALABPURA LALITPUR (U.P.)HAS CHANED MY NAME FROM SMITA TO SMITA JAIN FOR FUTURE PURPOSE.